दिन– शुक्रवार                                                                                    दिनांक– 06 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                                   अवधि– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य एजेंसियों को जांच में बेहतर समन्वय के लिए मॉडल आतंकवाद रोधी संरचना की स्थापना पर बल दिया।

02. वित्तीय अनियमितता के आरोप में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति और रजिस्ट्रार समेत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज।

03. राज्य में आज से बारिश में कमी आने की संभावना। मौसम विभाग ने सुपौल, किशनगंज, सहरसा, कटिहार, बांका समेत बारह जिलों में कुछ स्थानों पर वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

04. और, आपदाओं के दौरान आपातकालीन संचार को बढ़ाने के लिए प्रदेश में आज सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया जायेगा।

——————————————————

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्रीय और राज्य एजेंसियां पिछले नौ वर्षों में देश में सभी प्रकार के आतंकवाद पर मजबूती से अंकुश लगाने में सफल रही हैं। नई दिल्ली में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए द्वारा आयोजित आतंकवाद विरोधी सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अभिकरण के दायरे में, मॉडल आतंकवाद विरोधी संरचना स्थापित की जानी चाहिए। श्री शाह ने कहा कि केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए राज्यों में सभी आतंकवाद विरोधी एजेंसियों की जांच के पदानुक्रम, संरचना और मानक संचालन प्रक्रिया को एकसमान बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने क्रिप्टो, हवाला, आतंकी–फंडिंग, संगठित अपराध सिंडिकेट और नार्को–टेरर लिंक जैसी सभी चुनौतियों पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि इसके अच्छे परिणाम मिले हैं, लेकिन अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

——————————————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कहा है कि विपक्षी दलों का गठबंधन आईएनडीआईए परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के आधार पर टिका हुआ है। श्री नड्डा पटना में कैलाशपति मिश्र की जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गठबंधन में शामिल सभी पार्टियां परिवारवाद की पोषक हैं।

———बाईट———

श्री नड्डा ने कहा कि सामाजिक न्याय की बात करने वाले लोगों ने ओबीसी समुदाय की हमेशा से उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। श्री नड्डा ने कहा कि बिहार सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है और सिर्फ तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि दरभंगा एम्स का निर्माण कार्य राज्य सरकार की लापरवाही के कारण अटका हुआ है।

---बाईट---

---

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने प्रदेश के पार्टी नेताओं से जनता से बेहतर जुड़ाव रखने पर ज़ोर दिया। पटना में पार्टी के राज्य विधानमंडल और कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक में श्री नड्डा ने यह बात कही। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा अध्यक्ष ने प्रदेश के राजनीतिक घटनाक्रम और अन्य संगठनात्मक मुद्दों पर भी चर्चा की।

---

वित्तीय अनियमितता के आरोप में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, रजिस्ट्रार संजय कुमार, वित्तीय सलाहकार जयप्रकाश शर्मा और वित्त पदाधिकारी विनोद कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। यह प्राथमिकी उच्च शिक्षा निदेशक रेखा कुमारी के निर्देश पर तिरहूत प्रमंडल क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक द्वारा दर्ज करायी गयी है। इधर, विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक तरूण कुमार डे ने आज होने वाली सभी परीक्षाओं और मूल्यांकन कार्यों को स्थगित कर दिया है। स्थगित परीक्षाओं की नई तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी।

---

केंद्र सरकार आम लोगों की सुविधा के लिए अस्पतालों में होम्योपैथी उपचार शुरू कर रही है। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई ने कोलकाता में कहा कि होम्योपैथी इलाज देश के हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और एम्स में उपलब्ध होगा। एम्स अस्पताल कम कीमत पर होम्योपैथी उपचार भी प्रदान करते हैं। डॉक्टर मुंजपारा महेन्द्रभाई ने कहा कि केंद्र सरकार देश में हाशिए पर रहने वाले लोगों को होम्योपैथी उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम-मनरेगा कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए धन की उपलब्धता कोई बाधा नहीं है। मनरेगा एक मांग-संचालित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम है और राज्यों

तथा केंद्रशासित प्रदेशों को धन जारी करना एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार काम की मांग को देखते हुए धन उपलब्ध करा रही है।

————————————————————————

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों में पड़ी बिना दावे की राशि का पता लगाने के लिए शुरू किये गये वेब पोर्टल उद्ग्म के तहत तीस बैंकों को शामिल किया है। रिज़र्व बैंक ने कहा है कि तीस बैंकों को इसके दायरे में लाने से अब लगभग नब्बे प्रतिशत अनक्लेम्ड डिपॉजिट का पता लगाना सुलभ हो गया है। रिज़र्व बैंक ने इस वर्ष सत्रह अगस्त को यह पोर्टल आरंभ किया था। आरंभ में इसमें केवल सात बैंकों की बिना दावे की जमाराशि की सूचना उपलब्ध थी।

————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि प्रदेश में आज से मॉनसूनी बारिश में कमी आने की संभावना है। इस अवधि में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुपौल, किशनगंज, सहरसा, कटिहार, बांका और खगड़िया समेत उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भाग के बारह जिलों में कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ मेघ गर्जन की आशंका है। इधर, राज्य में पिछले चौबीस घंटों में भागलपुर, बांका, पूर्णियां, किशनगंज और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी। भागलपुर के सोनहौला में सबसे अधिक एक सौ छियानवे मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि लगातार बारिश के कारण भागलपुर शहर के कई हिस्सों में जलजमाव की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

———बाईट———

भागलपुर के खलिफाबाग, सूतापट्टी, कलाली गली, लोहापट्टी, हड़ियापट्टी, और वारसलीगंज समेत कई इलाकों में भीषण जल जमाव के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गयी है। शहर के वार्ड नम्बर– उनचास, पचास और इक्यावन में भीषण जल जमाव है। वहीं, टीएनबी कॉलेज छात्रावास में पानी घुस जाने से छात्रों की परेशानियां बढ़ गयी है। नगर निगम द्वारा जल निकासी की व्यवस्था अपर्याप्त साबित हो रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्र और राज्य में हो रही लगातार बारिश के कारण गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, गंगा, पुनपुन और सोन नदी के जलस्तर में कई स्थानों पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। कैमूर में दुर्गावती जलाशय परियोजना का पानी खतरे के निशान के आस–पास पहुंच गया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

लगातार हो रही बारिश के कारण दुर्गावती जलाशय परियोजना में जल स्तर में बढ़ोतरी की आशंका बनी हुई है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पानी के दबाव से बायां तथा दायां कैनाल कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। इधर, दुर्गावती तथा सुरवरा नदी का पानी भगवानपुर, रामपुर, चैनपुर, कुदरा और मोहनिया प्रखंड में फैल गया है। कई सरकारी कार्यालय, अस्पताल, स्कूल और थाना परिसर जलमग्न हो चुके हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए भभुआ से श्रीकांत पांडेय।

इधर, अरवल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में पुनपुन नदी के जलस्तर में तेजी से हो रही बढ़ोतरी से कई गांवों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

———————————————————

राज्य में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के तीन सौ चौवालीस नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में सबसे अधिक एक सौ उनासी नए मामले मिले हैं। इधर, सारण जिले में बीस, भागलपुर में उन्नीस, नवादा में सत्रह और मुंगेर में सोलह नए मरीजों की पुष्टि हुयी है। प्रदेश में डेंगू पीड़ितों की संख्या आठ हजार के करीब हो गयी है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर ए. के. वार्ष्णेय ने डेंगू के लक्षण की पहचान कर सावधानी बरतने की सलाह दी है। श्री वार्ष्णेय ने मरीजों को प्रोटीन युक्त भोजन करने की सलाह दी है।

———बाईट———

———————————————————

प्रदेश में आपदाओं के दौरान आपातकालीन संचार को बढ़ाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आज सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया जायेगा। आईटीएस प्रौद्योगिकी के निदेशक विनोद शर्मा ने बताया कि देश के नागरिकों और समुदायों की सुरक्षा के लिये प्रत्येक दूरसंचार सेवा प्रदाता पर सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि परीक्षण अवधि के दौरान लोगों को मोबाइल उपकरणों पर बनावटी आपातकालीन अलर्ट प्राप्त हो सकते हैं। सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम एक अत्याधुनिक तकनीक है, जो एक निर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के भीतर सभी मोबाइल उपकरणों पर आपदा प्रबंधन के लिए संदेश भेजने की अनुमति देता है।

———————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए मुजफ्फरपुर और बरौनी से यशवंतपुर के लिए एक–एक जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मुजफ्फरपुर–यशवंतपुर एक्सप्रेस स्पेशल मुजफ्फरपुर से आज से आठ दिसंबर

तक चलेगी। वहीं बरौनी–यशवंतपुर एक्सप्रेस स्पेशल बरौनी से कल से नौ दिसंबर तक चलेगी।

———————————————————

नालन्दा जिले के एकंगरसराय थाना अंतर्गत रसलपुर चम्हेड़ा चिमनी ईंट भट्ठा के पास अज्ञात अपराधियों ने मध्य विद्यालय रसलपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार को गोली मार दी। घटना में प्रधानाध्यापक गम्भीर रूप से घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है।

———————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक परीक्षा दो हजार चौबीस के लिए फॉर्म भरने की तारीख बारह अक्टूबर तक बढ़ा दी है। पहले यह तिथि तीस सितंबर तक निर्धारित थी।

———————————————————

अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कालाबलुआ गांव में एक नहर के पास मछली पकड़ने के दौरान कुछ बच्चों के पैर के नीचे विस्फोटक पदार्थ आने से तीन बच्चे घायल हो गये। एफएसएल टीम घटना स्थल पर विस्फोटक पदार्थ की जांच कर रही है।

———————————————————

बेगूसराय रेलवे स्टेशन से जीआरपी ने लगभग चार किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इधर, कटिहार रेलवे स्टेशन पर सघन तालाशी अभियान के दौरान एक सौ पचपन लीटर शराब जब्त की गयी है।

———————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के बिहार दौरे को सुर्खी बनाया है।

**हिन्दुस्तान** अखबार ने श्री नड्डा के हवाले से इस खबर का शीर्षक बनाया है– क्षेत्रीय पार्टियां भ्रष्टाचार और परिवारवाद की पोषक।

**दैनिक भास्कर** का शीर्षक है– किसान निधि छह हजार रूपये से बढ़ाकर आठ हजार रूपये करने की तैयारी। केन्द्रीय कैबिनेट में इसी माह प्रस्ताव संभव।

**प्रभात खबर** ने पटना उच्च न्यायालय के फैसले को प्रमुखता देते हुए लिखा है– चौंतीस हजार पांच सौ शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का नहीं मिलेगा लाभ।

**दैनिक जागरण** ने एशियाई खेलों से जुड़ी खबर में भारत के प्रदर्शन को सुर्खी बनाते हुए लिखा है– हॉगझाउ में भारत ने तीन स्वर्ण समेत पांच पदक जीते। इक्कीस स्वर्ण पदक समेत अब तक भारत को मिले छियासी पदक।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है– पचास लाख तक की मरम्मत का काम जिला स्तर पर करा सकेंगे विद्यालय।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर............

01. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य एजेंसियों को जांच में बेहतर समन्वय के लिए मॉडल आतंकवाद रोधी संरचना की स्थापना पर बल दिया।
02. वित्तीय अनियमितता के आरोप में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति और रजिस्ट्रार समेत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज।
03. राज्य में आज से बारिश में कमी आने की संभावना। मौसम विभाग ने सुपौल, किशनगंज, सहरसा, कटिहार, बांका समेत बारह जिलों में कुछ स्थानों पर वज्रपात का अलर्ट जारी किया।
04. और, आपदाओं के दौरान आपातकालीन संचार को बढ़ाने के लिए प्रदेश में आज सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया जायेगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।